दिनांक 03.04.2018

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जाना है इसके तहत् निगम सभागार में विभिन्न जोनों से उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हे आगामी 05 से 13 अप्रैल 2018 तक प्रत्येक जोन के वार्डों में शिविर लगाये जाने की जानकारी दी गई है। शिविर में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, राशन कार्ड, श्रमकार्ड, दिव्यांग, पेंशन, प्रधानमंत्री बीमा, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के लिए हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन प्रस्तुत करने के लिए हितग्राही अपना पूर्ण दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को उपस्थित रहने निर्देश दिया है। उन्होने कहा है कि हितग्राहियों का चिन्हांकन कर प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर शासन की योजनाओं को क्रियान्वयन करने के लिए घर–घर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं छुटे हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**जन सम्पर्क विभाग**